आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 20.06.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से मॉनसूनी बारिश से तर–जयपुर, अजमेर, जोधपुर और उदयपुर संभाग में आज कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना।
- अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कल–**एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम** पर पूरी दुनिया में मनाया जाएगा।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगजनों को जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया।
- खान विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 1 हजार 670 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया।

000

प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से अच्छी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 11–11 सेंटीमीटर बरसात कल बिजोलिया, फुलेरा, रामगंज मण्डी, दानपुर और निम्बाहेड़ा में हुई। बांसवाड़ा, बूंदी, बारां, करौली, झालावाड़, धौलपुर और कोटा में भी कुछ स्थानों पर जमकर पानी बरसा। प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, सिरोही, भरतपुर, अजमेर में भी कई जगह तेज बरसात के समाचार हैं। भीलवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि मॉनसून के आने के साथ ही जिले में हुई अच्छी बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। किसानों के चहरों पर भी खुशी नजर आ रही है।

कोटा में भी सुबह से ही कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का दौर बना हुआ है। इसके साथ ही बांधों में पानी की आवक शुरू हो गई है। भरतपुर और सवाईमाधोपुर में भी अच्छी बरसात से नदी–नाले उफान पर हैं। निचले इलाकों में पानी भर गया है। उधर करौली और आसपास के क्षेत्रों में हुई जोरदार बारिश से मौसम में तरावट आ गई। वहीं सिरोही में आज हुई रिमझिम बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इस बीच पूर्वी राजस्थान के ऊपर आज भी परिसंरचरण तंत्र बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज जयपुर, अजमेर, जोधपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कोटा, भरतपुर और बीकानेर संभाग में भी कुछ भागों में गरज के साथ बारिश होने के आसार हैं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पूरी दुनिया भारत के विकास की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनने की तरफ तेजी से आगे बढ रहा है।

श्री मोदी आज बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्‌घाटन और शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर के समृद्ध देशों के नेता भारत की प्रगति से बहुत प्रभावित हैं।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज राजस्थान अनुसूचित जनजाति परामर्श दात्री परिषद् की बैठक ली। मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने अधिकारियों को जनजातीय समुदाय के कल्याण और विकास से जुड़ी योजनाओं पर प्रभावी रूप से काम करने के निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री गुजरात पहुंचे। वे गांधी नगर में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की श्रद्धाजंलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने श्री रूपाणी के परिजनों से भेंट कर संवेदना जताई। मुख्यमंत्री का आज जैसलमेर पहुंचने का कार्यक्रम है।

000

एयर इंडिया ने संचालन और रख–रखाव की वजह से अपनी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानें कम कर दी गई हैं, जबकि कई उड़ानों को रद्द किया गया है। एयर इंडिया के अनुसार अमृतसर से लंदन और गोआ से लंदन की उडान 15 जुलाई तक तथा दिल्ली से नैरोबी की फ्लाइट 30 जून तक नहीं चलेगी। वहीं कल से 15 जुलाई तक दिल्ली से टोरंटो, वॉशिंगटन, लंदन, पैरिस, वियना, मेलबॉर्न और टोकियो की विभिन्न उडानों की संख्या कम की गई है।

000

11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कल दुनियाभर में मनाया जाएगा। इस साल की थीम **एक पृथ्वी–एक स्वाथ्य के लिए योग** के साथ सभी को निरोग रहने और स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा। देशभर में योग दिवस मनाने के लिए जोर–शोर से तैयारियां की गई हैं। कई दिन पहले से पूर्वाभ्यास और काउंटडाउन कार्यक्रम चल रहे हैं। योग दिवस का राष्ट्रीय कार्यक्रम विशाखापटनम् में होगा। आयुष मंत्रालय की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होगें। संस्कृति मंत्रालय की ओर से देश के 100 प्रतिष्ठित स्थलों और 50 विरासत स्थलों पर योग सत्र आयोजित होगें।

प्रदेश में भी योग दिवस को लेकर खासा उत्साह नजर आ रहा है। राज्य स्तरीय समारोह जैसलमेर में **खुहड़ी के रेतीले धोरों** पर होगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा इसमें भाग लेकर योग के माध्यम से निरोग रहने के लिए प्रेरित करेंगे। इसके साथ ही सभी जिलों, उपखण्डों और ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी सामूहिक योगाभ्यास होगा। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों की ओर से भी योग सत्र आयोजित किये जा रहे हैं।

योग दिवस की पूर्व संध्या पर आज जयपुर में सरस डेयरी की ओर से योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेंट्रल पार्क में हुए इस कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, उद्योग मंत्री राज्यवर्धन राठौड और विधायक गोपाल शर्मा ने भी शिरकत की। इसी तरह कोटा, हनुमानगढ़, चूरू, सवाईमाधोपुर, बांसवाड़ा, अजमेर, बाड़मेर, पाली, झुन्झुनू, बालोतरा, जैसलमेर, और डीग सहित कई स्थानों पर जागरूकता रैली निकाली गई। इसके माध्यम से योग के फायदो के बारे में बताया गया और इसे दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई।

क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से चलाई जा रही संदेश श्रृंखला के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग से जुड़ने लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज सुनिए राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के योग विभागाध्यक्ष शास्त्री कौसलेन्द्रदास का संदेश–

000

सिरोही में आज केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से केन्द्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाती प्रदर्शनी शुरू हुई। जालौर–सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी ने आबू रोड़ में ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में लगायी गई इस प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने बताया कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों की झलक है, इससे आम लोगों को प्रेरणा मिलेगी।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिव्यांगों को जीवन के सभी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को संवेदना और सहयोग की ज़रूरत है। उन्नत तकनीक की मदद से दिव्यांगजन मुख्यधारा से जुड़कर प्रभावी योगदान दे सकते हैं। राष्ट्रपति आज देहरादून में **राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तीकरण संस्थान** में विद्यार्थियों को संबोधित कर रही थीं।

0000

जयपुर में राजभवन में आज गोवा, सिक्किम, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल का स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने इस दौरान इन राज्यों के स्थानीय निवासियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि **एक भारत–श्रेष्ठ भारत** की संकल्पना के तहत राजभवन में राज्यों का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने इन राज्यों की जन आस्थाओं, प्रेरक व्यक्तित्व और सुन्दर पर्यटन स्थलों पर भी चर्चा की। श्री बागड़े ने सभी से **राष्ट्र प्रथम** की सोच के साथ काम करने का आह्‌वान किया।

000

प्रदेश में खान विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में 17 जून तक एक हजार 670 करोड़ रूपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है। ये इस अवधि का अब तक का सबसे ज्यादा राजस्व है। विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने आज उदयपुर में समीक्षा बैठक में ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग ने माइनिंग प्लान के ऑन लाइन अनुमोदन की व्यवस्था की है। इससे खानधारकों को बड़ी राहत मिली है। श्री रविकांत ने बताया कि अब प्रदेश में पायलट आधार पर खनिज खोज के काम में एआई आधारित मशीन लर्निंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। इसके अच्छे परिणाम मिलने पर इसे और ज्यादा बढ़ाया जाएगा।

000